जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन; बी.ए की छात्रा पूजा ने प्राप्त किया द्वितीय पुरस्कार

बल्लभगढ़, 29 सितंबर 2026: अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ ने एक बार फिर अपनी उपलब्धियों में एक नया अध्याय जोड़ते हुए गौरव प्राप्त किया। कॉलेज की बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा रोल नंबर-ने 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

यह प्रतियोगिता 29 सितंबर 2026 को श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय महिला महाविद्यालय, बल्लभगढ़ में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय "एक वोट की शक्ति" (The Power of One Vote) था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में चुनावी जागरूकता को बढ़ावा देना तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने में प्रत्येक नागरिक के मत के महत्व को रेखांकित करना था।

श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता जी तथा महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन और कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. चंद्रशेखर वशिष्ठ के मार्गदर्शन में अग्रवाल कॉलेज ने इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता के लिए साहित्यिक प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. शैली मलिक ने पूजा का मार्गदर्शन किया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंधन, कार्यवाहक प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने पूजा तथा डॉ. शैली मलिक को हार्दिक बधाई दी। पूजा की यह सफलता पूरे अग्रवाल कॉलेज परिवार के लिए गर्व का विषय है और जागरूक, जिम्मेदार एवं सक्रिय नागरिकों के निर्माण के प्रति महाविद्यालय की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।